सरयू राय ने बताया कैसे किस कंपनी को मिला काम, जल्दी जांच पूरी करे एसीबी

# पीई नहीं, एसीबी एफआईआर दर्ज करे और 15 दिन में जांच पूरी करे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधायक और पूर्व मंत्री सरयू राय पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की प्रारंभिक जांच के लिए एसीबी ने मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग से अनुमति मांगी है। सरयू राय ने अपने ऊपर लगे अधिक दर पर वॉइस मैसेज का आदेश देने, आहार पत्रिका का प्रकाशन, युगांतर भारती को सरकार की ओर से कार्यादेश दिलाने और सुनील शंकर को सेवा विस्तार देने के मामले पर सफाई पेश की है। सरयू राय ने कहा कि पूर्व सीएम रघुवर दास के समर्थकों ने उनके ऊपर यही आरोप लगाया था और एक शिष्टमंडल ने तत्कालीन राज्यपाल से मिलकर सीबीआई जांच कराने की मांग की थी। सरयू ने कहा कि उस समय भी उन्होंने कहा था कि वह मामले में हर तरीके से जांच का स्वागत करेंगे।



### बाबा कम्प्यूटर्स को यह काम निविदा के आधार पर मिला

बाबा कम्प्यूटर्स को अधिक दर पर वॉयस मैसेज का आदेश देने के मामले पर सरयू ने कहा कि बाबा कम्प्यूटर्स को यह काम निविदा के आधार पर मिला। निविदा का प्रकाशन विभागीय सचिव ने मंत्री से अनुमति लिये बिना अपनी शक्ति से किया था। अवधि विस्तार के समय संचिका मेरे पास आयी थी। तत्कालीन विभागीय सचिव ने विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण संचिका में किया था। इसके बाद बाबा कम्प्यूटर्स को पुनः अवधि विस्तार मिला। यह पूरी तरह कानून के मुताबिक हुआ है उनके निर्णय के मुताबिक नहीं।

### न्यूनतम दर वाली संस्था का चयन किया गया

आहार पत्रिका का प्रकाशन के मामले पर उन्होंने कहा कि राशन उपभोक्ताओं तक विभागीय निर्णयों को पहुंचाने और अन्य जानकारी देने के उद्देश्य से आहार पत्रिका प्रकाशित करने का निर्णय विभाग द्वारा लिया गया। शुरू में 3-4 संस्थाओं से इसके लिए कोटेशन प्राप्त किया गया। न्यूनतम दर वाली संस्था का चयन किया गया। दर निर्धारण करने के लिए संचिका वित्त विभाग को भेजी गयी। वित्त विभाग ने इस पर मंतव्य दिया कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से दर निर्धारित कराया जाये। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने इस विषय पर विचार करते हुए जो दर निर्धारित किया, उसी आधार पर न्यूनतम दर वाली संस्था का चयन पत्रिका प्रकाशन के लिए हुआ। उस समय वित्त और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्कालीन मंत्री रघुवर दास ही थे इसलिए इसकी जानकारी रघुवर दास से भी ले सकते हैं।

### पूरी जानकारी विभाग की फाइल में दर्ज

सुनील शंकर को सेवा अवधि विस्तार देने के आरोप पर सरयू राय ने कहा कि इस संबंध में पूरी जानकारी विभाग की फाइल में दर्ज है। पता नहीं एसीबी ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग से संचिका मंगाकर देखा है या नहीं। सुनील शंकर सहित अन्य कई रिटायर्ड अधिकारियों को विभाग ने रिटायर होने के बाद फिर से नियुक्त किया और ये हाल तक कार्यरत रहे हैं।

### कोई भी आदेश युगान्तर भारती के पक्ष में नहीं दिया

युगान्तर भारती को सरकार की ओर से कार्यादेश दिलाने के मामले पर उन्होंने कहा कि मंत्री रहते अपने विभाग से किसी भी प्रकार के काम के लिए कोई भी आदेश युगान्तर भारती के पक्ष में नहीं दिया था। यह आरोप हास्यास्पद है कि 2016-17, 2017-18 और 2018-19 उन्होंने युगान्तर भारती से अनसेक्युर्ड लोन लिया है। पता नहीं इस बारे में एसीबी ने उनके आयकर रिटर्न का विवरण और युगान्तर भारती के आयकर रिटर्न का विवरण है या नहीं। बिना ये विवरण देखे यदि इस बारे में एसीबी सरकार से पीई दर्ज कराने का आदेश लेना चाहता है तो इससे एसीबी अधिकारियों की बुद्धिमत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होगा।

विभाग ने डीडीसी रामगढ़ और बोकारो को जांच का दिया निर्देश

# बोकारो डीआरडीए के परियोजना पदाधिकारी माणिकचंद प्रजापति के खिलाफ होगी जांच

**ये भी आरोप : क्षेत्र भ्रमण में अपने रिश्तेदार भाजपा नेता की दिखाते हैं धौंस**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बोकारो के जिला ग्रामीण विकास अभिकरण- डीआरडीए के परियोजना पदाधिकारी माणिकचंद प्रजापति पर लगे गंभीर आरोपों की विभागीय जांच होगी। इसे लेकर ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव आरके सिन्हा ने उप विकास आयुक्त रामगढ़ और बोकारो को निर्देश दिया है। माणिक चंदप्रजापति के उपर रामगढ़ डीआरडीए, बोकारो डीआरडीए में परियोजना पदाधिकारी के पद पर रहते हुए कई आरोप लगे हैं। हजारीबाग के मदिनंदन महतो के परिवाद पर विभाग ने उचित तरीके से जांच कर पूरी रिपोर्ट देने को कहा है। प्रजापति अभी बोकारो में पदस्थापित हैं।

### इन आरोपों की होगी जांच

रामगढ़ जिले में सातवें वेतनमान के अनुरूप चिकित्सा भत्ता लिया गया है, जबकि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी आवंटन आदेश में यह स्पष्ट है कि डीआरडीए कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देय नहीं है। माणिकचंद प्रजापति द्वारा रामगढ़ जिले में गलत तरीके से इपीएफ की कटौती करायी गयी है, जो घोर वित्तीय अनियमितता का परिचायक है। श्री प्रजापति द्वारा परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए बोकारो के पद पर पदस्थापन के दौरान मनरेगा योजना के तहत अपने रिश्तेदार (गोमिया प्रखंड के होसिर वेस्ट में एक कुंआ एवं एक डोभा का निर्माण कराया गया है) को गलत तरीके से लाभ दिया गया है।



माणिकचंद प्रजापति को किसी काम की जानकारी का अभाव होने एवं झूठ बोलने के कारण डीडीसी रामगढ़ ने इनका स्थानांतरण प्रखंड समन्वयक के पद पर कर दिया था, ताकि ये कुछ काम सीख सकें।

### मेसर्स ज्ञानदीप मनरेगा लाभुक रिश्तेदार को 50 लाख का दिलाया टेंडर

प्रजापति द्वारा बोकारो जिले में रूर्बन मिशन के तहत मेसर्स ज्ञानदीप मनरेगा लाभुक रिश्तेदार को हेराफरी कराकर एल-1 करते हुए 50 लाख से अधिक की टेंडर स्वीकृति दी गयी, जिसमें मेसर्स ज्ञानदीप ने घटिया सामग्री की आपूर्ति कर आदेशित स्थान पर अधिष्ठापन किया है। प्रजापति द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह कहा जाता है कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है, क्योंकि उनके रिश्तेदार देवनारायण प्रजापति भारतीय जनता पार्टी के बहुत बड़े नेता हैं जिस कारण उपविकास आयुक्त एवं निदेशक सिर्फ उनका कहा मानते हैं।

ऑनलाइन स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से कर सकेंगे कंसल्ट

# राज्य में खुलेंगे 2000 अरबन हेल्थ सेंटर: अपर मुख्य सचिव

**लोगों को अपने घरेलू शहर में ही मिलेगा बेहतर इलाज**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेल्थ सिस्टम को पटरी पर लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग राज्यभर में 2000 अरबन हेल्थ सेंटर खोलने की तैयारी में है। यहां पर ऑनलाइन बड़े हॉस्पिटलों के डॉक्टरों से कंसल्टेशन की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरूण कुमार सिंह ने कहा कि इससे कि लोगों को अपने घरेलू शहर में ही बेहतर इलाज मिलेगा। वहीं छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए उन्हें बड़े शहरों का रूख नहीं करना होगा। इससे लोगों का खर्च तो बचेगा। साथ ही उन्हें परेशानियों का सामना भी नहीं करना होगा।

### इलाज के साथ टेस्ट भी

फिलहाल झारखंड में कई हेल्थ सेंटरों को अरबन हेल्थ सेंटर में अपग्रेड किया गया है, जहां पर डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। जहां डॉक्टर नहीं है वहां टेलीमेडिसीन से मरीजों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा टेस्ट के भी इंतजाम सेंटरों पर किए गए है। इससे कि मामूली खर्च में मरीजों के जरूरी टेस्ट हो जा रहे है। अब राज्यभर में सेंटर खुलने से वहां के लोगों को ये सुविधाएं मिलने लगेगी।

### मेडिकल कॉलेजों पर लोड होगा कम

अरबन हेल्थ सेंटर खुल जाने से वहां पर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से कंसल्टेशन की सुविधा होगी। आनलाइन-आफलाइन दोनों ही तरह के कंसल्टेशन के सुविधा मरीजों को मिलेगी। इससे गंभीर स्थिति में ही मरीजों को बड़े हॉस्पिटल और मेडिकल कालेजों में ले जाने की नौबत आएगी। इससे मेडिकल कॉलेजों पर लोड कम होगा और मरीजों को वहां भी बेहतर इलाज हो सकेगा।

# राज्यपाल रमेश बैस को वापस बुलाए केंद्र : दीपांकर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाकपा माले राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को वापस बुलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस भाषा में राज्यपाल रमेश बैस बात कर रहे हैं, वह झारखंड की चुनी हुई सरकार के साथ खिलवाड़ है। हम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से वर्तमान राज्यपाल रमेश बैस को झारखंड से वापस बुलाने की मांग करेंगे। दीपंकर भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि स्थापना दिवस मनाने की ओर बढ़ रहे झारखंड में केंद्र की सत्ता की सह पर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की जा रही है जो लोकतंत्र के हित में नहीं है।



**कानून करे अपना काम, भेदभाव न हो** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि कानून अपना काम करे, लेकिन दलीय भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड, मध्यप्रदेश या गुजरात में भ्रष्टाचार में स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद भाजपा नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**भूमि सत्यापन प्रक्रिया पर रोक लगे** : दीपांकर भट्टाचार्य ने भूमि बैंक के लिए आदिवासी बहुल इलाकों में चलाए जा रहे भूमि सत्यापन की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

**झामस का सम्मेलन आज** : रामगढ़ में 6 नवंबर को झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा (झामस) का केंद्रीय सम्मेलन होना है। सम्मेलन में जल, जंगल जमीन के मुद्दों पर आंदोलन तेज करने का आह्वान किया जाएगा।

# पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा पर गिरफ्तारी की तलवार

**ईडी कोर्ट ने नहीं दी अग्रिम जमानत**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची ईडी कोर्ट के न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने अभिषेक झा को बेल देने से इनकार करते हुए अर्जी को खारिज कर दी है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में अभिषेक झा आरोपी हैं। उनके विरुद्ध ईडी कोर्ट से समन जारी हुआ है, जिसके बाद अग्रिम जमानत के लिए उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

ईडी कोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अभिषेक झा पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। इस बीच यह भी सूचना मिल रही है कि अभिषेक ईडी कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दे सकते हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा को लेकर ग्रामीण कांग्रेस की हुई बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत जोड़ो यात्रा को लेकर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस की बैठक शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेश बैठा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को रांची जिला में पंचायत स्तर तक चलाने को लेकर चर्चा हुई। सुरेश बैठा ने कहा कि प्रखंडों में प्रचार-प्रसार, दीवार लेखन के द्वारा प्रचारित किया जाए। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सतीश पाल मुंजनी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का पूरे देश में जिस तरह से आम जनता का समर्थन मिल रहा है और राहुल गांधी के यात्रा में लोग शामिल हो रहे हैं, आने वाले दिनों में यह यात्रा मील का पत्थर साबित होगा। कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि जिस प्रकार महंगाई एवं बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है, जिस तरह पूरे देश में एक नफरत का माहौल पिछले 8 वर्षों से बनाया गया है, यह भारत जोड़ो यात्रा का संदेश ही है।

## खबर एक नजर में

### संजीवनी घोटाला : जेडी नंदी की पत्नी अनामिका और अनीता का नहीं हो पाया ईडी कोर्ट में सरेंडर

**रांची।** 65.45 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजीवनी बिल्डकॉन की एमडी जेडी नंदी की दोनों पत्नी अनामिका नंदी और अनीता नंदी को रांची ईडी कोर्ट से राहत नहीं मिली। जबकि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट से दोनों को अग्रिम जमानत मिल चुकी है। इसके बाजूद आदेश में आत्मसमर्पण का जिक्र नहीं होने के कारण रांची ईडी कोर्ट ने दोनों का आत्मसमर्पण लेने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि जमीन और फ्लैट दिलाने के नाम पर भोले भाले लोगों से संजीवनी बिल्डकॉन ने करोड़ों की ठगी की है। जिसकी जांच सीबीआई और ईडी ने की है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजीवनी बिल्डकॉन के एमडी जेडी नंदी और उनके दोनों पत्नी समेत 7 के खिलाफ ईडी ने साल 2020 में अदालत के समक्ष चार्जशीट दाखिल किया था।

### चारा घोटाला : एक और मामले में सीबीआई की ओर से बहस पूरी, सोमवार से बहस होगी शुरू

**रांची।** बहुचर्चित चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में सीबीआई की ओर से गवाही के बाद बहस की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। शनिवार को मामले में अभियोजन की ओर से अंतिम बहस की गई। कोर्ट ने बचाव पक्ष से सोमवार से बहस प्रारंभ करने का निर्देश दिया। फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर लगभग 36.26 करोड़ की सरकारी राशि की अवैध तरीके से निकासी का यह मामला डोरंडा कोषागार से वर्ष 1990 से 1995 की अवधि का है। वर्ष 1996 में सीबीआई ने इस मामले में कुल 192 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत में हुई। सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक रवि शंकर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बहस पूरी होने के बाद अब 129 उन आरोपियों की ओर से बहस होगी, जो इस मामले में ट्रायल फेस कर रहे हैं। इन आरोपियों में रांची जिला पशुपालन विभाग के तत्कालीन पदाधिकारी और आपूर्तिकर्ता शामिल हैं।

### निलंबित भाजपा नेत्री और रिटायर्ड आईएएस की पत्नी सीमा पात्रा की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** घरेलू नौकरानी सुनीता खाखा के साथ प्रताड़ना के आरोप में गिरफ्तार निलंबित भाजपा नेत्री व रिटायर्ड आईएएस की पत्नी सीमा पात्रा की जमानत याचिका पर स्पेशल जज एसटी /एससी की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान पीड़िता सुनीता खाखा और मामले के सूचक कोर्ट में उपस्थित हुए। सुनीता खाखा ने अपने बयान का समर्थन करते हुए कोर्ट को बताया कि उनके साथ सीमा पात्रा के द्वारा मारपीट एवं प्रताड़ना की जाती थी। उसने प्राथमिकी में लिखी गई बातों को भी सही ठहराया। अभियोजन पक्ष की ओर से प्रदीप कुमार चौरसिया ने कोर्ट को बताया कि मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुका है। उनकी ओर से सीमा पात्रा को जमानत देने का विरोध करते हुए कोर्ट को बताया गया कि वह जमानत मिलने पर सुनीता खाखा पर दबाव दे सकती हैं। बता दें कि कोर्ट ने मामले में पीड़िता सुनीता खाखा को नोटिस जारी कर शनिवार को नवंबर को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को केस डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। 27 सितंबर को सीमा पात्रा की ओर से अदालत में जमानत अर्जी दायर की गई थी। वही 31 अगस्त 2022 को सीमा पात्रा को घरेलू नौकरानी सुनीता खाखा के साथ प्रताड़ना के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मामले को लेकर अरगोड़ा थाना में 22 अगस्त 2022 को कांड संख्या 285/2022 दर्ज किया गया था।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार,**

**सूचना**

विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

दिनांक : 06.11.2022 (रविवार), समयः 11:00 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा दिनांक 06.11.2022 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से रामगढ़ जिला के पतरातु ब्लॉक में विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों की लाभकारी योजनाओं का लाभ आम जन को प्रदान किया जाएगा। इस शिविर में निम्नलिखित सभी विभाग अपनी योजनाओं के लाभों को वितरित करने के लिए अलग-अलग स्टॉल लगायेंगे :-

| | |
|---|---|
| 1. श्रम विभाग-प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना, पेंशन योजना इत्यादि। | 6. आपूर्ति विभाग-प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, अंत्योदय राशन कार्ड, जन-वितरण प्रणाली इत्यादि। |
| 2. स्वास्थ्य विभाग-प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना, जननी सुरक्षा योजना इत्यादि। | 7. शिक्षा विभाग-कस्तूरबा एवं अन्य विद्यालयों में नामांकन, मानव तस्करी पीड़ित बच्चों का नामांकन इत्यादि। |
| 3. समाज कल्याण विभाग-मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाडली योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सुकन्या योजना इत्यादि। | 8. कृषिविभाग-फसलबीमा योजना, मृदाजांच, कृषिउपकरणोंकावितरणइत्यादि। |
| 4. कल्याण विभाग- विद्यालय छात्रवृत्ति योजना, चिकित्सा अनुदान योजना, साईकिल वितरण योजना इत्यादि। | 9. वन विभाग- मुख्यमंत्री जनवन योजना, वन पट्टा से संबंधित कार्य इत्यादि। |
| 5. जिला ग्रामीण विकास अभिकरण-प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा इत्यादि। | 10.सूचना एवं जनसंपर्क विभाग-विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित सूचना एवं निवारण इत्यादि। |

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त लाभकारी योजनाओं के लाभुक अपने संबंधित विभाग से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर इस शिविर में लाभ ले सकते है।

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ अथवा संबंधित ब्लॉक के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

अघो0/-
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़

PR 281508District(22-23)#D


### 200 करोड़ की लागत से बोकारो में बनेगा टेक्नोलॉजी सेंटर

**रांची।** बोकारो के जरीडीह थाना अंतर्गत केन्दुआडीह मौजा में टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना की जायेगी। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। इसके बाद उद्योग विभाग ने विभिन्न प्लॉट में 20.46 एकड़ भूमि एक रुपये सांकेतिक मूल्य पर नवीकरण विकल्प के साथ केंद्र सरकार के उद्योग मंत्रालय को 30 साल के लीज बंदोबस्त किया गया है। इस योजना के अंतर्गत बोकारो टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत एडवांस उत्पादन तकनीक, मानवबल को कार्यक्षमा को बढ़ाया जायेगा ताकि उत्पादन क्षमता बढ़े। तकनीकी सहयोग, बिजनेस सलाह सहित लघु एवं मध्यम उद्योगों को कई सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। बोकारो टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना में 200 करोड़ का खर्च होने का अनुमान है।

# सचिव के साथ वार्ता विफल, जारी रहेगी हल्का कर्मियों की हड़ताल

**कर्मियों ने कहा- ₹2400 का ग्रेड पे नहीं मिलने पर हड़ताल समाप्त नहीं होगी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में राजस्व उप निरीक्षकों (हल्का कर्मियों) की हड़ताल जारी रहेगी। शुक्रवार शाम को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव के साथ हुई झारखंड राजस्व उप निरीक्षक संघ की वार्ता विफल हो गयी। सरकार की तरफ से राजस्व उप निरक्षकों की तरफ से ग्रेड पे 2400 की मांग को लेकर उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने की पेशकश की गयी। यह कमेटी दो माह में सरकार को अपना रिपोर्ट सौंपेगी। विभागीय सचिव के इस प्रस्ताव को संघ के पदाधिकारियों ने एक सिरे से खारिज करते हुए यह निर्णय लिया कि तत्काल 24 सौ का ग्रेड पे नहीं मिलने से हड़ताल समाप्त नहीं होगी।

बताते चलें कि पिछले 50 दिनों से हल्का कर्मी हड़ताल पर हैं। इनकी हड़ताल से तीन सौ से अधिक अंचलों का कामकाज ठप है। 30 लाख से अधिक प्रमाण पत्र संबंधित आवेदन और एक लाख से अधिक दाखिल-खारिज के आवेदन सरकार के पास लंबित हो गया है। हड़ताल से आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी अंचल स्तरीय आवेदनों का निबटारा नहीं हो पा रहा है। सरकार दूसरे चरण में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 14 नवंबर तक चला रही है।

भाजपा के गंदे खेल का न सिर्फ कर रहे हैं मुकाबला, बल्कि परास्त भी कर रहे

# साजिश रचने वालों को मिलेगा जवाब : जेएमएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधा और कहा कि दुमका और बेरमो उपचुनाव के वक्त से ही बाबूलाल मरांडी कह रहे थे कि नतीजे आएंगे और सरकार बदल जाएगी। लेकिन महागठबंधन ने चुनाव जीता और सरकार मजबूत हुई। सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि बाबूलाल की दिल की बात है कि केंद्रीय एजेंसियों से डरा-धमका कर राज्य में भाजपा की सरकार बना लें। जैसे महाराष्ट्र में भाजपा के लोगों ने किया। यही फॉमूर्ला बाबूलाल कहना चाहते थे और यह झारखंड में दिख भी रहा है। बाबूलाल को दिसंबर 2024 के बाद फिर से समझ में आ जाएगा, जब प्रचंड जनादेश के साथ हेमंत सोरेन दुबारा झारखंड की सत्ता में काबिज होंगे। बाबूलाल खुद राजधनवार सीट हार जाएंगे।



**आम जनता से पूछ कर बन रही योजना से भाजपा है परेशान** : सुप्रियो ने कहा कि सरकार गांव-टोले तक जा रही है। लोगों से पूछ कर योजनाएं बनाई जा रही है। यही भाजपा के लोगों को अच्छा नहीं लग रहा है। हमें जांच से डर नहीं है, बल्कि एक प्रक्रिया होनी चाहिए। पीएम के कार्यक्रम के लिए गुजरात का चुनाव रुक सकता है लेकिन एक मुख्यमंत्री का कार्यक्रम भाजपा के लोगों को हजम नहीं हो रहा है। बाबूलाल मरांडी की बातों से उनकी मंशा स्पष्ट हो गई है।

**आजसू सुप्रीमो पर साधा निशाना**

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर राज्यपाल के पास गए। खुद जब सरकार में शामिल थे तो 27 प्रतिशत को 14 प्रतिशत किया था, उस वक्त बाबूलाल सीएम थे। उन्होंने कहा कि साजिश रचने वालों को झारखंडी जनता जवाब देगी।

## जनता परेशान और राज्य सरकार कर रही आपके द्वार का ढोंग : रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि मुख्यमंत्री सरकार आपके द्वार चलाने का ढोंग कर रहे हैं। लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। राजस्व कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल चल रही है और राज्य सरकार के उदासीन रवैये के कारण राज्य के छात्र व आम लोग परेशान हो रहे हैं।

**आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा** : कई मेधावी बच्चों का राज्य और राज्य के बाहर मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक, सरकारी समेत अन्य संस्थानों की मेरिट लिस्ट में नाम आ गया है, लेकिन आवासीय प्रमाण पत्र ना बन पाने के कारण उनका नामांकन नहीं हो पा रहा है। आय प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण गरीब बेहतर इलाज से वंचित हैं। गरीबों को पेंशन से भी वंचित होना पड़ रहा है। जमीन के दाखिल खारिज, जमीन त्रुटिकरण, नक्शा पास जैसे कार्य नहीं हो रहे हैं। रघुवर ने सीएम से मांग की है कि राजस्व कर्मचारियों की मांगों पर विचार करें।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के निविदा संख्या 17/JMT/2022-23 पीआर नं0 279950 के द्वारा खुद्दा-नावाडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना के प्रकाशित निविदा में अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधित किया जाता है :-

| क्र0सं0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि | 28.10.2022 at 5.00 PM | 05.11.2022 at 5.00 PM |
| 2 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि | 02.11.2022 at 1.00 PM | 10.11.2022 at 1.00 PM |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 12.11.2022 at 5.00 PM | 17.11.2022 at 5.00 PM |
| 4 | परिमाण विपत्र एवं अग्रिम जमानत की राशि जमा करने की अंतिम तिथि (मूल रूप में) | 14.11.2022 at 1.00 PM | 18.11.2022 at 1.00 PM |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 14.11.2022 at 3.00 PM | 19.11.2022 at 3.00 PM |

Note :- The undersigned, on behalf of the Government of Jharkhand, invites Item rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved Contractors, registered with Drinking Water & Sanitation Department, Government of Jharkhand. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtenders.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate लाईन को विलोपित किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत रहेगी।

(ई0 चन्द्रशेखर), कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

PR 281531Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

# इनोवेटिव आइडिया के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहें वर्तमान समय के विद्यार्थी : टीवी नरेंद्रन

■ एनआइटी जमशेदपुर के 12वें दीक्षांत समारोह को टाटा स्टील के सीइओ ने किया संबोधित
■ सिविल इंजीनियरिंग की हंसा कुमारी एवं एमसीए की दिव्यांशी अग्रवाल को गोल्ड मेडल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी (एनआइटी) जमशेदपुर के 12 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए आज टाटा स्टील के ग्लोबल एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन ने उन्हें भविष्य की चुनौतियों, संभावनाओं से परीचित कराया। साथ ही उन संभावनाओं को अवसर में बदलने के लिए इनोवेटिव आइडिया और टेक्नोलोजी पर काम करने को प्रेरित किया।

समारोह के मुख्य अतिथि एवं करीब डेढ लाख करोड़ सालाना कारोबार वाली दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी स्टील कंपनी टाटा स्टील के संचालन प्रमुख ने सगर्व बताया कि वे 1986 में एनआइटी त्रिचि से पास आउट हैं। और, आपके बीच आकर मुझे पुराने दिन याद आ गए। छात्र-छात्राओं से बेहद कसे हुए संवाद में उन्होंने कहा कि भारत को मौजूदा समय में जॉब क्रिएटर की





1. दीक्षांत समारोह में मंचस्थ डॉ करुणेश शुक्ला, मुख्य अतिथि टीवी नरेंद्रन और विशिष्ट अतिथि आरके बेहरा। 2. छात्रा हंसा कुमारी को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र देते टीवी नरेंद्रन। 3. एमसीए की छात्रा दिव्यांशी अग्रवाल को गोल्ड मेडल देते टीवी नरेंद्रन और 4. उपस्थित विद्यार्थी।

आवश्यकता है न कि जॉब सीकर की। जरूरत इस बात की है कि छात्र ने इनोवेटिव आइडिया के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहें।

नरेंद्रन ने कहा कि देश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए सबसे पहले सोसाइटी के प्रेरणा स्रोत बनकर ग्लोबल लेवल पर बदलाव लाकर भारत को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की जिम्मेदारी आप युवाओं पर है। आज विश्व की अर्थव्यवस्था रूस -यूक्रेन युद्ध की वजह से डगमगा गई है ऐसे में आपको खुद को खड़ा करना ह। आने वाले 30 वर्ष विश्व के लिए महत्वपूर्ण है और इसमें हमारी टेक्नोलॉजी ही हमें आगे रख सकती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एनआईटी जमशेदपुर के पूर्व छात्र और आर एस डी ग्रुप के चेयरमैन आरके बेहरा मौजूद थे। उन्होंने पास आउट छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीक्षांत समारोह में कुल 1033 छात्रों के बीच डिग्रियां बांटी गई इनमें अंडरग्रैजुएट के 643 पोस्टग्रेजुएट के 366 और पीएचडी के कुल 28 छात्र शामिल रहे। समारोह में एनआइटी जमशेदपुर के प्रथम बैच के छात्र 82 वर्षीय फुल पाणिग्रही भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर केके शुक्ला, डीन प्रोफेसर अमरेश कुमार और प्रोफेसर हसन ने छात्रों में प्रमाणपत्र बांटे। निदेशक प्रोफेसर केके शुक्ला ने बताया कि आज बीटेक की 64566 और एमसीए के 28 छात्रों यानी कुल 1035 छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया है। 2 छात्राओं को गोल्ड और 23 छात्रों को सिल्वर दिया गया।

SHARDA GLOBAL PREPARATORY SCHOOL
Bukru, Kanke, Ranchi
ADMISSION OPEN (SESSION 2023-24)
Registration forms for admission in Class Pre Nursery, KG-I & KG-II can be filled and submitted online at our website : www.shardaglobalschool.com from 7th November to 9th November 2022. Forms are also available at School Office, Timing 8:00 AM - 1:00 PM.
For details contact us at : 7542983222, 9931039500, 9934307000
E-mail: shardaglobalschool@gmail.com Principal

SHARDA GLOBAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. (10+2), New Delhi
BUKRU, KANKE, RANCHI
ADMISSION OPEN (SESSION 2023-24)
Registration forms for admission in Std. I to IX can be filled and submitted online at our website : www.shardaglobalschool.com from 7th November to 9th November 2022. Forms are also available at School Office, Timing 8:00 AM to 1:00 PM.
Hostel facility available for Boys (Class III - Onwards)
BPL category candidates can apply with valid documents as per the Government rules for STD. I
For details contact us at : 7542983222, 9931039500, 9934307000
E-mail: shardaglobalschool@gmail.com Principal

# इडी ने यदि मुख्यमंत्री को छेड़ा तो झामुमो करेगा जेल भरो आंदोलन : रामदास-मंगल

■ हेमंत सरकार गिराने के लिए कर भाजपा कर रही इडी और सीबीआई का इस्तेमाल
■ सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय पर झामुमो का जोरदार धरना-प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



धरना देते विधायक मंगल कालिंदी व वरिष्ठ नेतागण और धरना स्थल पर नारेबाजी करते विधायक रामदास सोरेन।

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार को अस्थिर करने की कोशिशों और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के जरिए नोटिस भेजने के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने जिला मुख्यालय घेराव कार्यक्रम के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला समहरणालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कार्यक्रम में घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, अल्पसंख्यक मोर्चा के चेयरमैन हिदायतुल्लाह खान, वरिष्ठ नेता बाबर खान, राजू गिरी समेत तमाम प्रखंड कमेटियों एवं जिला क मेटियों के नेताओं ने धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। अंत में केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग रोकने की मांग करते हुए झामुमो नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम डीसी के जरिए ज्ञापन प्रेषित किया।

जिला मुख्यालय के समक्ष धरने के दौरान विधायक रामदास सोरेन और मंगल कालिंदी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर बीजेपी झारखंड में सरकार गिराना चाहती है और अपनी सरकार बनाना चाहती है लेकिन झारखंड की तमाम जनता और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता इन्हें कभी सफल नहीं होने देंगे क्योंकि जितने साल भी भाजपा ने झारखंड की सत्ता में राज किया उन्होंने सिर्फ और सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया।

झामुमो नेताओं ने कहा कि झारखंड में हो रहे विकास कार्यों को देख कर भाजपा वालों की नींद उड़ गई है इसलिए भाजपा झारखंड के विकास पुरुष युवा मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी को दबाने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है। अगर मुख्यमंत्री के खिलाफ गलत कार्रवाई होगी तो झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक-एक कार्यकर्ता जेल भरो आंदोलन करेगा। विधायकों ने जनता से पूछा कि आप एक भी ऐसा भाजपा के नेता बता दीजिए जिसके घर में भी और सीबीआई का छापा पड़ा हो? केंद्र सरकार सिर्फ विपक्षी दलों को परेशान करने और अपनी सरकार बनाने के लिए उसका इस्तेमाल कर रही है।

स्पीड न्यूज

## बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के छात्र का हुआ प्लेसमेंट



**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र सुरज कुमार रजक का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अग्रणी कंस्ट्रक्शन कंपनी मेसर्स क्रॉस इंडिया लिमिटेड में हुआ है और इनका कार्य क्षेत्र जमशेदपुर है। इसकी लिखित परीक्षा 23 अक्टूबर और साक्षात्कार 27 अक्टूबर को संपन्न हुयी थी। छात्र की सफलता पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ अतुल प्रकाश, प्लेसमेंट अधिकारी श्री राहुल सिंह एवं कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स ने बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं।

## गोविंदपुर की जर्जर सड़क बनाने को ईई से मिले पार्षद डॉ परितोष



**जमशेदपुर।** गोविंदपुर एवम आसपास के क्षेत्र के सड़क की दयनीय स्थिति को देखते हुए जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने झारखंड सरकार के स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता का ध्यानाकृष्ट करवाया था। मंत्री ने ग्रामीण विभाग को जल्द से जल्द समस्या के समाधान का आदेश दिया था। उसी क्रम में आज ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता राजेश रजक से मिलकर उन्हें जर्जर सड़कों की सूची सौप आम जनों को होने वाले समस्याओं से अवगत करवाया। ईई को डा पारितोष ने बताया कि जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वी छोटा गोविंदपुर पंचायत में अरविंद साहू के घर से राम मंदिर तक पथ का सुदृढ़ीकरण करना जरुरी है। जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत दक्षिण छोटा गोविंदपुर पंचायत में डिस्पेंसरी मोड़ से राम मंदिर तक मुख्य पथ का सुदृढ़ीकरण करना आवश्यक है। इसी तरह जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तरी छोटा गोविंदपुर पंचायत के चांदनी चौक से विवेक नगर तक पथ का सुदृढ़ीकरण भी होना चाहिए। पश्चिम छोटा गोविंदपुर पंचायत के भोला बागान मेन रोड से अमित चौधरी के घर तक पद का सुदृढ़ीकरण और उत्तरी घोराबांधा पंचायत स्थित बाबा दुकान से कारी इमाम साहब के घर तक बारीनागर मुख्य सड़क का सुदृढ़ीकरण करना आवश्यक है। पश्चिम घोड़ाबांधा पंचायत में खरंगझार चौक से राधा कृष्ण मंदिर तक मुख्य सड़क का सुदृढ़ीकरण जल्द से जल्द करवाया जाए।

# टाटा स्टील शीघ्र बनेगी दुनिया की दूसरी बड़ी स्टील कंपनी : नरेंद्रन

**विशेष संवाददाता**





**जमशेदपुर।** टाटा स्टील विश्व स्तर पर दूसरी सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी बनने का लक्ष्य लेकर चल रही है ।वर्तमान में कंपनी अभी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी है। यह जानकारी पत्रकारों से एनआइटी जमशेदुर के दीक्षांत समारोह के बाद एक संक्षिप्त भेंट में टाटा स्टील के एमडी और सीईओ टीवी नरेंद्रन ने दी।

उन्होंने कहा कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी बनने की तैयारी चल रही है। हमें यूरोप और चाइना से लगातार चुनौती मिल रही है लेकिन अभी हमें और आगे निकलना ह। उन्होंने यूरोपीय देशों में तेजी से बढ़ रही ग्रीन एनर्जी को अनुकरणीय बताया और भविष्य में टाटा स्टील के द्वारा भी इस दिशा में तेजी से कार्य करने की बात कही। नरेंद्रन ने कहा कि हम देश को ग्रीन और स्वच्छ वातावरण देने को तत्पर हैं इस पर व्यापक कार्य हो रहे हैं।

# पांच दिन में हुआ 88 हजार 500 हनुमान चालीसा पाठ,आज से होगी श्रीराम कथा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** साकची श्री अग्रसेन भवन में चल रहे श्रीश्री बालाजी महाराज का अखंड सवालाख हनुमान चालीसा पाठ के पाचवें दिन शनिवार को पाठ का विश्राम होने तक 88 हजार 500 पाठ संपन्न हुआ। केवल शनिवार को 26 हजार पाठ हुए। श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम, टाटानगर शाखा द्वारा परमश्रद्धेय संतोष भाई (बर्नपुर) के सानिध्य में हनुमान चालीसा पाठ का धार्मिक कार्यक्रम चल रहा हैं।

11 दिवसीय श्रीश्री बालाजी महाराज का अखंड सवालाख हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ एक नवम्बर मंगलवार को हुआ था। रोजाना सुबह शाम बालाजी की पूजन के बाद आरती में काफी भक्तगण शामिल हो रहे हैं। परमश्रद्धेय संतोष भाई का कहना है कि पाठ करो फल पाओ, जितना करो उतना पाओ। प्संतोष भाई ने बताया कि 06 से 10 नवंबर गुरूवार तक प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रीराम हनुमत कथा होगा। परम श्रद्धेय श्रीराम मोहन महाराज कथा का वाचन करेगें। 09 नवंबर बुधवार को दोपहर 03 बजे से श्री राणी सती दादी जी का मंगलपाठ होगा। भजन गायक मनोज सेन मंगलपाठ का वाचन करेगें। अब तक पांचों दिन कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से शंभू दयाल अग्रवाल, रमेश्वर भालोटिया, ओमप्रकाश रिंगसिया, सुरेश सोंथालिया, कृष्णा अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, महेश सोंथालिया, दीपक पारिक, विष्णु अग्रवाल, अरूण बांकरेवाल आदि का योगदान रहा है।

## एक नजर में

## श्याम प्रेमियों ने भटलीधाम में मनाया बाबा का जन्मोत्सव



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्याम भटली परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट टाटानगर से जुड़े श्याम भक्तों ने देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर बाबा श्याम जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ भटली धाम (ओड़िसा) में धूमधाम से मनाया। रात 12 बजे केक काटकर उपस्थित भक्तों के बीच बधाई बांटी गयी। संस्था के अध्यक्ष राजेश पसारी के नेतृत्व में कोल्हान प्रमंडल के श्याम प्रेमी भटली धाम में बाबा का दर्शन कर पूजा अर्चना की। मौके पर पटना से आयी भजन गायक गिन्नी कौर और पानीपत से आयी अशु वर्मा ने भजनों की अमृतवर्षा कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। भटली धाम (ओड़िसा) में हजारों भक्त जुटे थे।

## पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह अपने खर्चे से करवा रहे फॉगिंग, लोगों को मिल रही राहत



**जमशेदपुर।** शहर और खासकर जमशेदपुर के ग्रामीण इलाकों में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। इसे देखते हुए भाजपा नेता और जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने अपने पूर्व जिला परिषद क्षेत्र के इलाकों में फॉगिंग का काम शनिवार से शुरू किया। इसकी शुरूआत परसुडीह के नामोटोला से की गई। श्री सिंह ने बताया कि नामोटोला इलाके से फागिंग की शुरूआत की गई है और जहां-जहां मच्छरों का प्रकोप है उन सभी इलाकों में फॉगिंग की जाएगी ताकि डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी से लोगों को बचाया जा सके। श्री सिंह ने बताया कि इसके साथ ही रविवार 6 नवंबर से वह क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराएंगे ताकि मच्छर के लार्वा को पनपने से रोका जा सके। राजकुमार ने कहा कि जिन इलाकों में लोगों को फागिंग अथवा एंटी लार्वा का छिड़काव कराना हो, तो 9431117203 पर फोन करके सूचना दें। शुक्रवार को फागिंग के दौरान जमशेदपुर के प्रखंड उप प्रमुख शिव हांसदा, नरेंद्र कुमार, महेंद्र यादव, पपन राहा आदि उपस्थित रहे।

## चांडिल में मनाया गया 26 वां श्री श्याम जन्मोत्सव



**चांडिल।** शनिवार को श्री श्याम कला भवन चांडिल के द्वारा बाबा श्री श्याम का 26 वां जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर मुंबई से आए भजन गायिका इशरत जहां केडिया एवं राजस्थान बीकानेर से आए भजन गायक प्रवेश शर्मा के द्वारा रात 9 बजे से प्रभु की इच्छा तक भजन प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं रांची लोकसभा के भाजपा सांसद संजय सेठ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान वहां उपस्थित अतिथियों का कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी एवं सदस्यो के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, पूर्व जिला परिषद ओमप्रकाश लायक, सपन गुप्ता, बोनू सिंह सरदार, मनोहर सिंह सरदार को पगड़ी, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# मानगो में तीन हजार से अधिक भक्तों ने किया बाबा श्याम का प्रसाद ग्रहण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल मानगो का दो दिवसीय 23वां श्री श्री श्याम जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ धूमधाम से शनिवार को संपन्न हुआ। मानगो न्यू पुरूलिया रोड़ स्थित श्याम भवन में दूसरे दिन शनिवार की सुबह 04.15 बजे मंगला आरती की गयी। बाबा श्याम का बारस का पूजन एवं भोग सुबह 11.15 बजे लगा। महाप्रसाद दोपहर एक बजे से शुभारंभ हुआ जो संध्या पांच बजे तक चला। शहर के लगभग हर क्षेत्र समेत आस-पास एरिया से आये तीन हजार से अधिक भक्तों ने बाबा श्याम का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस पूरे भक्तिमय कार्यक्रम में श्याम भक्ति का ऐसा रंग चढ़ा कि भक्तों ने श्री श्याम प्रभु के अलौकिक छवि को अपने हृदय पटल पर अंकित किया। भक्तों ने बाबा श्याम के समक्ष सच्चा है दरबार तुम्हारा, संकट काटो श्याम हमारा की प्रार्थना की। दो दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर प्रसाद अग्रवाल, विजय खेमका, सीमांत अग्रवाल, सीताराम महेश्वरी, शिव प्रकाश शर्मा, अशोक चौधरी, गणेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, पवन संघी, विजय अग्रवाल, तुलसी खेमका थे।

# चंपई-सविता महतो के नेतृत्व में झामुमो ने किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चांडिल।** ईचागढ़ विधानसभा के चारो प्रखंड चांडिल, ईंचागढ़, निमडीह, एवं कुकड़ू के झामुमो कार्यकर्ता शनिवार को विधायक सविता महतो के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होने रवाना हुए। इस दौरान सभी झामुमो कार्यकर्ता कांड्रा में पारंपरिक हथियार व झंडे बैनर के साथ जुलूस की शक्ल में जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए। विधायक सविता महतो ने कहा पार्टी द्वारा आयोजित राज्य के सभी जिला मुख्यालय में केंद्र सरकार के जनविरोधी नीति के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, चारु चांद किस्कु, पप्पु वर्मा, काबलु महतो, ओमप्रकाश लायक आदि मौजूद रहे।

## पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को कुम्हार समाज ने दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** शनिवार की सुबह प्रजापति भवन काशीडीह कुम्हार पाड़ा में झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व राजेन्द्र महतो की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंद्र देव प्रसाद ने की। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें बुलन्द आवाज के धनी, ऊर्जावान नेतृत्व क्षमता व विपरीत परिस्थितियों में धैर्य धारण करने वाले महामानव की संज्ञा दी गयी। ज्ञात हो कि स्व राजेन्द्र महतो बोकारो जिला के पूर्व भाजपा अध्यक्ष, झारखंड पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के प्रधान महासचिव, झारखंड वनांचल आंदोलनकारी मोर्चा के अध्यक्ष सहित अन्य कई संगठनों से जुड़ कर कार्य कर चुके थे जिनके माध्यम से गरीब व शोषित लोगों की मदद मिलती रही।

# नौ नवंबर को एमटीएमएच और इनरव्हील क्लब निकालेंगे कैंसर जागरूकता रैली

➲ मेहरबाई टाटा मेन हॉस्पिटल में नयी एमआरआई मशीन और सीसीयू अगले माह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जनता को जागरूक करने के लिए 9 नवंबर को जमशेदपुर के इनर व्हील क्लब के सहयोग से कैंसर जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। सुबह साढ़े 7 बजे से यह रैली बिष्टुपुर पोस्टल पार्क से निकल कर गोपाल मैदान के चारों ओर घुमते हुए मैदान के भीतर जाकर संपन्न होगी। रैली को इनर व्हील क्लब जमशेदपुर की अध्यक्ष डा रीता झा झंडी दिखा कर रवाना करेंगी। इस रैली में स्कूली बच्चे, डॉक्टर, नर्स और समाज के प्रमुख सदस्य शामिल होंगे। रैली के अंत में अध्यक्ष अमृता राव के सहयोग से एमटीएमएच के डॉक्टर कैंसर जागरुकता पर भाषण देंगे। परियोजना की संयोजक पीडीसी



संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित निदेशक डॉ सुजाता मित्रा व इनर व्हील क्लब की पदाधिकारीगण।

अरुणा तनेजा हैं जबकि सह संयोजक नलिनी राममूर्ति हैं। रैली में भाग लेने के लिए 25 स्कूलों के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने स्वीकृति दी है।

14 नवंबर को कुडी महंती सभागार में कैंसर से लड़ने वाले बच्चों के लिए बाल दिवस मनाया जाएगा जहां एमटीएमएच इन बहादुर बच्चों को सम्मानित करना चाहता है और साथ ही प्रायोजकों को धन्यवाद देना चाहता है जिन्होंने उनके इलाज के लिए अनुदान दिया है। उक्त जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में एमटीएमएच की निदेशक डा सुजाता मित्रा ने दी। इस अवसर पर क्लब की अमृत राव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थीं।

# पलामू में भारत जोड़ो यात्रा में हजारों कांग्रेसी हुए शामिल

- महंगाई बेरोजगारी की मार से टूट रहा भारत : राजेश ठाकुर
- मोदी जी अडानी के द्वार पर खड़ा है : सुबोध कांत सहाय

खबर मन्त्र टोली



भारत जोड़ो यात्रा में शामिल प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व विधायक बिट्टू सिंह, जिलाध्य बिट्टू सिंह व अ न्य।

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा पलामू पहुंचा। जीएलए कॉलेज गेट से रेड़मा चौक, कचहरी चौक, छःह मुहान होते हुए गांधी स्मृति टाउन हॉल पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। इस यात्रा में हजारों कांग्रेसी हाथ में झंडा लिए गगनभेदी नारे लगा रहे थे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी की मार से टूट रहा है। देशवासी त्राहिमाम कर रहे हैं, केंद्र सरकार द्वारा देश तोड़ने, मानवता को लूटने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि देश को टूटते हुए देखकर राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर से कन्याकुमारी तक निकाली है। और दूसरे चरण में भी यह यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान संगठन को मजबूती प्रदान करने अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में जोड़ने एवं पार्टी मजबूती पर भी काम किया जा रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबंध है। और इसी के साथ सरकार ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संचालित किया है।जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ मिल रहा है।

यात्रा के प्रभारी सह पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय ने कहा कि भारत नाजुक स्थिति के दौर से गुजर रहा है। देश के सरकारी संस्थाएं निजी हाथों में गिरवी रखा जा रहा है। जिस कारण देश में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि देश विकट परिस्थितियों के झाझावातों से जूझ रहा है। और मोदी जी अडानी के द्वार पर खड़े हैं। भारत जोड़ो यात्रा झारखंड के 81 विस क्षेत्रों में चलाई जा रही है। देश में कल, कारखाने, उद्योग बंद हो रहे हैं और डेढ लोग मिलकर सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के किसानों के हित की रक्षा के लिए, महिलाओं की रक्षा के लिए एवं संविधान की रक्षा के लिए यह भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई है।

■ कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार जनता के हितों की रक्षा के लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को गांव-गांव स्तर पर संचालित कर गरीब जनता को योजना का लाभ दिलवाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन की सरकार झारखंड में गठबंधन दलों के द्वारा शांति माहौल में संचालित किया जा रहा है। जिसे अस्थिर करने के लिए विपक्षी लगे हुए हैं।और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर सरकार को अस्थिर करने का काम किया जा रहा है। लेकिन यह सरकार अस्थिर होने वाली नहीं है। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि भारत में जिन बिंदुओं पर सरकार कार्य कर रही है उससे देश की जनता को लाभ नहीं मिल रहा है। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी सोमेश्वर प्रसाद, चंद्रशेखर शुक्ला, लक्ष्मी तिवारी, श्याम नारायण सिंह, इंदु भगत, विमला कुमारी, भिखारी राम रामाशीष पांडे, राजेश चौरसिया, सुमन, मिथिलेश सिंह, राजेंद्र अग्रवाल समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### बटुक के दाह संस्कार में पहुंचे विधायक



**बिश्रामपुर (पलामू)।** आंचलिक क्षेत्र के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता बटुक यादव (95) का निधन शनिवार को हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे। उनका इलाज मेदनीनगर में चल रहा था। इलाज के दौरान अस्पताल में ही उनकी मौत हो गई। उनका दाह संस्कार पैतृक गांव छिपादोहर में हुआ। अंतिम संस्कार में पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र उपाध्याय, बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### शिक्षकों ने मांगा योग्यता आधारित मानदेय

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का शुक्रवार को पलामू दौरे के क्रम में झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। जिसमें शिक्षकों ने कहा है कि उन्हें योग्यता आधारित मानदेय दिया जाना चाहिए। हजारों शिक्षक ऐसे हैं जो हाई स्कूल में पढ़ा रहे हैं उन शिक्षकों की योग्यता स्नातकोत्तर बीएड होने के बाद भी इंटर स्तरीय मानदेय दिया जा रहा है जो अनुचित है उन्हें योगिता आधारित मानदेय दिया जाना चाहिए। सरकार ने सहायक अध्यापक नियमावली तो बनायी है परंतु कुछ न कुछ पेंच फंसा दिया गया है। जिससे सहायक अध्यापकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे, जिलाध्यक्ष अर्जुन मेहता, जिला महासचिव रामरूप चौरसिया, जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष अमलेश चौरसिया शामिल थे।

### मृत्युभोज के बदले हो सामाजिक परिवर्तन

**हुसैनाबाद।** बनकट में एक शोक सभा सह चिंतन सभा की गयी। गांव के मुंद्रिका मेहता के बाद धार्मिक कर्मकांड को लेकर चर्चा हुई। जिसमें एक सामाजिक परिवर्तन पर चर्चा हुई। मृत्यु के बाद धार्मिक कर्मकांड में खर्च होता है। इसलिए धार्मिक कर्मकांड रोकने का प्रयास हो। सभी ने सहमति दी। सामाजिक परिवर्तन के तहत भोज के बदले कोई समाजिक कार्य किया जाये। बैठक में युमना मेहता, रामचरित्र महेता, गिरवर मेहता, लक्ष्मण मेहता, रामकुमार मेहता, रामगहन मेहता, रामकेश्वर मेहता, लक्ष्मण मेहता, प्रदीप मेहता, ब्रजेश कुमार मौजूद थे।

### कुलपति की शवयात्रा निकालने की तैयारी

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन जिलाध्यक्ष विदेशी पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि नीलांबर-पीतांबरपुर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के कुलपति तकरीबन 6 माह से किसी विद्यार्थी से मिले नहीं। ऐसे में वो जीवित हैं या नहीं यह संदेह है। चूंकि विवि मनमाने ढंग से चल रहा है। रिजल्ट में हेराफेरी चल रही है और रिजल्ट सुधार हेतु दिए गए आवेदन को सुधार करने के बजाए और खराब कर रहे हैं। अगले गुरुवार तक कुलपति अपने जीवित होने का प्रमाण नहीं देते हैं और वार्ता नहीं करते हैं, तो मजबूरन उनकी शव यात्रा निकालनी पड़ेगी। जिसमें श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु इच्छुक ईमानदार शिक्षक और शिक्षतेर कर्मचारियों को भी आमंत्रण दिया जायेगा।

### नौडीहा पंचायत पहुंची सरकार आपके द्वार



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के नौडीहा पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सदर एसडीओ राजेश साह एवं विशिष्ट अतिथि सीओ चंद्रशेखर कुनाल, बीडीओ अनिल कुमार, बीससूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह मौजूद थे। संचालन वीरेंद्र कुमार ने किया। सदर एसडीओ उपस्थित लोगों को योजनाओं के बारे तथा उसके लाभों तथा लाभ पाने वाले लाभुकों के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर देवंती देवी, धनवती देवी, सीताराम शहर, स्वदेशी देवी, ललिता देवी को राशन कार्ड दिया गया। वहीं सभी को मनरेगा जॉब कार्ड बना कर दिया गया। मौके पर स्थानीय मुखिया मंदीप मेहता, पंसस आनंद यादव शिविर में आये लोगों को कई सुविधा मुहैया कराते नजर आये। शिविर में जिप सदस्य विजय राम व कई अन्य कर्मी मौजूद थे।

### पलायन की तैयारी में व्यवसायी : धनंजय



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के डालटेनगंज शहर का खास महल जमीन का मामला बहुत ही पुराना है। नगरपालिका गठन के बाद से लेकर आज तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया और न ही इस और जनप्रतिनिधियों ने अपने रुचि को दिखाया। वर्तमान समय में खास महल के जमीन एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का जिस प्रकार से टैक्स बढ़ाया गया है उसमें निगम वासी एवं व्यवसायी टैक्स भरने में सक्षम नहीं है। यदि इस पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया गया तो यहां के व्यवसाई व्यवसाय छोड़कर पलायन कर जाएंगे। उक्त बातें नगर निगम के मेयर प्रत्याशी धनंजय त्रिपाठी ने होटल जिनवरम में प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही चिंता का विषय है कि जब शहर से व्यवसाई पलायन करेंगे तो इसका असर ग्रामीण क्षेत्रों पर भी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 1868 में नगर पालिका का गठन हो चुका था। तब से लेकर आज तक इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया। प्रेस वार्ता में धीरज चंद्रवंशी, शैलेश चंद्रवंशी, सुशील दुबे, धनंजय पाठक परिमल प्रसून व अन्य उपस्थित थे।

### शिक्षा सचिव ने जानी स्कूलों की हकीकत

**सतबरवा।** झारखंड के शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सतबरवा प्रखंड के 4 विद्यालयों का निरीक्षण शनिवार को किया। पीएम के द्वारा सराहे गये राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुलसुलमा स्कूल में पहुंचकर वहां पर शिक्षण व्यवस्था की जानकारी एचएम अनीता भेंगरा से ली। उन्हें बताया गया कि इस विद्यालय में शिक्षकों की संख्या चार है तथा छात्रों की संख्या 208 है। मौके पर शिक्षा सचिव विद्यालयों के क्लास रूम में जाकर छात्रों से जानकारी ली। छात्रों के द्वारा उन्हें खड़े होकर अभिवादन किया गया। यहां पर शिक्षकों की संख्या 8:00 के जगह पर चार है इसके चलते पठन-पाठन कराने में असुविधा होने की बात बताई गई। साथ ही विद्यालयों के रंग रोगन और सजावट देखकर सचिव संतुष्ट दिखे। वहींमुरमा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया और पठन-पाठन तथा अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने स्कूल में पढ़ाई नहीं होने का कारण बताते हुए कई छात्रों को इस स्कूल से दूसरे स्कूल में दाखिला दिलाने की बात कही। वही कार्यरत एक शिक्षक को फटकार लगायी।

## सरकार आपके द्वार : कृषि मंत्री बादल पत्रलेख पहुंचे झाबर पंचायत, बोले

# जरूरतमंदों की मदद को हमेशा तत्पर रहेगी महागठबंधन सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शनिवार को सदर प्रखंड के झाबर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया।

मौके पर एसी सुरजीत कुमार सिंह, सदर बीडीओ अमिताभ भगत, सीओ जेके मिश्रा, कार्यपालक दंडाधिकारी विक्रम आनंद, जिला परिषद सदस्य बासो देवी, अर्चना सिन्हा, मुखिया, संगीता देवी, पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी एवं अंजली देवी, उप मुखिया खुशनुमा खातुन भी उपस्थित थे।

शिविर में सावित्री फूलो किशोरी समृद्धि योजना के तहत दिलशान खातून एवं सबीरा खातून को मंत्री ने स्वीकृति पत्र एवं 6 लोगों को दिव्यांग पेंशन एवं वृद्धा पेंशन की स्वीकृति दी एवं कंबल वितरण कराया गया।

मंत्री बादल पत्रलेख ने ग्रामीणों को बुलाकर समस्याएं जानी। ग्रामीणों से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। बोले सरकार आपके लिए हमेशा खड़ा रहेगी। उन्होंने बुजुर्ग माताओं, बहनों से आशीर्वाद भी लिया। शिविर में अलग-अलग विभाग के 16 स्टॉल पंचायत में लगाए गए थे। जिसमें पशुधन से 155, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना के तहत 82, जन वितरण सम्बधी 40, मनरेगा के 15, बिजली, पेंशन, कृषि एवं अन्य विभाग के आवेदन मिलाकर कुल 510 आवेदन प्राप्त हुए।

मौके पर ओहमती खलखो, इंद्रेश प्रजापति, डॉ अनूप बिलियन लकड़ा, अजय सिंह, लीना अग्रवाल, खुशबू सिंह, अनिता कुमारी, अभिमन्यु सिंह, मो फैयाज, अरमान अनवर, मो जफर, इमरोज आलम, गोपाल विश्वकर्मा एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

# पुलिस ने रेहला गोलीकांड का किया उद्भेदन, चार गिरफ्तार

■ छठ पूजा में स्कूल संचालक पर चली थी गोली

■ पुत्र का बदला लेने के लिए चलायी गयी गोली : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता


अपराधियों के बारे में जानकारी देते पलामू एसपी व अन्य।

**खास बातें :** एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 30 अक्टूबर को ज्ञान निकेतन स्कूल के डायरेक्टर पर जो गोली चली थी उसमें नागेंद्र शर्मा कहां था। उन्होंने कहा कि नागेंद्र शर्मा का 18 वर्षीय पुत्र की मौत ज्ञान निकेतन स्कूल के बस से हो गई थी। जिसके बदला लेने के लिए नागेंद्र ने सोच रखा था। और नागेंद्र का दूसरा पुत्र उसी स्कूल में पढ़ता था जिसका नाम कटवा कर उसने दूसरे स्कूल में नाम लिखवा दिया था। जिस पर डायरेक्टर अमित कुमार ने नागेंद्र को धमकी दिया था। इसका बदला लेने के लिए नागेंद्र दें गढ़वा थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमाहा निवासी कामेश्वर उरांव के पुत्र सुग्रीव उरांव को 80हजार रुपये सुपारी देने का वादा किया। कि तुम उस अमित कुमार सिंह को गोली मार दो तो हम पैसा देंगे। इस पर सुग्रीव ने उस योजना पर काम शुरू कर दिया।

**मेदिनीनगर।** रेहला थाना क्षेत्र के कोयल नदी घाट के समीप 30 अक्टूबर को गोली चालन की घटना घटी थी। जिसमें ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अमित कुमार सिंह उर्फ बाबलू सिंह को गोली लगी थी। उस समय गोली चलाने वाले अज्ञात अपराधी कर्मी के रूप में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने गढ़वा थाना के ग्राम संग्रहे निवासी शिव प्रसाद शर्मा के पुत्र नागेंद्र शर्मा को पुलिस ने संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की। तो उसने गोली चालण की घटना का पर्दाफाश किया।

# 11 को भाजपा कार्यकर्ता करेंगे प्रखंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष विजय नंद पाठक ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पलामू में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के खिलाफ जनाक्रोश चरम पर है। जनता अब इस सरकार से निजात चाहती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के तीन साल पूरे होनेवाले है। लेकिन यह सरकार विकास के पैनाने पर शून्य है। बहन-बेटियां घरों में असुरक्षित हैं। तीन वर्षों में पांच हजार से ज्यादा बहन-बेटियां दुष्कर्म की शिकार हुई हैं। विधि-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। सरकार आपके द्वार करते करते इडी के द्वार पहुंच गयी। ऐसे में भाजपा ने प्रखंड स्तर पर सरकार को घेरने की तैयारी की है। पहले चरण में सात से 13 नवंबर तक हजारों कार्यकर्ता प्रखंड केंद्रों में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। इसमें प्रदेश के नेता, जनप्रतिनिधि, सांसद-विधायक शामिल होंगे। प्रखंड कार्यालय को ठप करा देंगे। इसी के तहत 11 नवंबर को भाजपा नगर मंडल प्रदर्शन करेगी।

# पलामू : आदिम जनजाति के टीबी मरीजों को उपायुक्त ने लिया गोद

- रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से मरीजों को मिलेगा फूड बास्केट

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** सामुदायिक भागीदारी के तहत पलामू उपायुक्त ने आदिम जनजाति के सभी टीबी मरीजों को गोद लिया है। इन मरीजों को रेडक्रास सोसाइटी पलामू के माध्यम से फूड बास्केट उपलब्ध कराये जायेंगे। इसकी घोषणा पलामू उपायुक्त सह रेडक्रास सोसाइटी, पलामू के अध्यक्ष आंजनेयुलू दोड्डे ने की।

उन्होंने कहा कि पलामू जिले के जितने भी आदिम जनजाति के मरीज हैं, उन्हें गोद लेकर रेडक्रास सोसाइटी, पलामू के माध्यम से फूड पैकेट (फूड बास्केट) उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि उन्हें गुणवतायुक्त नास्ता-भोजन मिल सके और वे स्वस्थ हो सकें। पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने सामुदायिक भागीदार के तहत पलामू जिले के टीबी मरीजों को इलाज के लिये गोद लिए जाने को लेकर आज समाहरणालय में जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

### रामचंद्र चंद्रवंशी पॉलटेक्निक कॉलेज के नये शैक्षणिक सत्र की हुई शुरुआत




**विश्रामपुर (पलामू)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बिश्रामपुर के आरसीपीआई के नये शैक्षणिक सत्र (2022 : 25) की शनिवार को शुरुआत हुई। मौके पर विश्वविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आरसीपीआई के प्राचार्य रवि कुमार ने नये सत्र के 95 छात्र छात्राओं का स्वागत करते हुए कॉलेज के नियमो की जानकारी दी। कुलपति डॉ जे पी मिश्रा व प्रतिकुलपति डॉ एस के शर्मा ने छात्र छात्राओं को कई टिप्स दिया। परीक्षा नियंत्रक डॉ एन के अग्रवाल ने भी बच्चों को कई गुर बताया। आरसीपीआई के कई विभागाध्यक्षों ने भी बच्चों को मुकाम तक पहुंचने का रास्ता बताया। संचालन रिया चौबे ने किया।

### बजरंग दल-विहिप ने की नगर समिति की बैठक



**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल पलामू के मेदनीनगर नगर समिति की बैठक गीता भवन स्थित विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय में हुई थी। जिसकी अध्यक्षता विहिप जिला मंत्री दामोदर मिश्र और संचालन जिला संयोजक बजरंगदल सन्दीप दास ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से श्री मनीष वर्मन को मेदनी नगर बजरंग दल के सह संयोजक मनोनित किया गया। बैठक में मेदनीनगर के नगर बजरंगदल संयोजक विवेक चौबे, विहिप के जिला सह मंत्री अमित तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अजित पाठक, नगर विहिप उपाध्यक्ष विकास कश्यप, नगर सत्संग प्रमुख सुभाय राज, नगर सह मंत्री धर्मेंद्र कुमार और श्रवण कुमार इत्यादि सम्मानित कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

### नौ को प्रखंड कार्यालय पर भाजपा का धरना



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** भाजपा मंडल कार्यालय मे आज शनिवार को मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक के अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसका सफल संचालन भाजपा के महामंत्री रामजी मिश्रा ने किया। बैठक में झारखंड प्रदेश की हेमंत सरकार में भय, भूख, भ्रष्टाचार और बलात्कार के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय नौडीहा बाजार पर एकदिवसीय आंदोलन को लेकर रुपरेखा की अगामी 9 नवंबर पर विस्तृत चर्चा की।

## तुलसी की सेवा और सेवन दोनों ही लाभकारी है : कौशल-अमित

खबर मन्त्र संवाददाता



**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर अनुमंडल के हुलसम पंचायत परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम व तुलसी विवाह पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ तुलसी के दो पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी क्रम में पर्यावरणविद ने वहां के ग्रामीणों के बीच आम और अमरूद का पौधों का भी वितरण किया। उन्होंने स्कूली बच्चों एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के शपथ दिलाते हुए कहा कि तुलसी की सेवा और सेवन दोनों होना चाहिए क्योंकि तुलसी औषधीय पौधा है।

### नौडीहा बाजार: रविदास विकास समिति की समीक्षा बैठक आज

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड में प्रखंड स्तरीय गठित रविदास विकास समिति ने प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र डगरा पंचायत के अंताकला में रखा गया है। इसमें समिति की समीक्षा की जायेगी और रविदास विकास समिति के क्रिया कलाप पर विशेष चर्चा होगी। जानकारी रविदास विकास समिति के मीडिया प्रभारी विश्वप्रेम कुमार ने दी।

### चैनपुर : बिजली चोरी के आरोप में दस के खिलाफ मामला दर्ज

**चैनपुर, पलामू।** कंकारी तथा बरांव में शनिवार को बिजली चोरी को लेकर कनीय अभियंता सुभाष कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठित की गयी। इस दौरान कंकारी में प्यारे पाल, धीरेंद्र भुइयां, मुखलाल पाल, पार्वती देवी पति विनोद पाल, सुदेश्वर पाल, सुरेंद्र पाल, विजय चौधरी तथा ग्राम बरांव के राजेश विश्वकर्मा, शांति देवी पति रामवृक्ष चौधरी, देवंती देवी पति शिवलाल चौधरी पर बिजली चोरी का मामला दर्ज हुआ।

## गुरी पंचायत में लगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर

■ लोगों को दी गयी योजनाओं की जानकारी, कई समस्याओं का भी हुआ निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत गुरी पंचायत क्षेत्र के पहरगेरुवा मध्य विद्यालय परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, मुखिया रोशिल देवी, उप प्रमुख सतेंद्र सिंह व पूर्व मुखिया घूरा बैठा ने किया। बीडीओ प्रशांत हेंब्रम ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कहा कि सरकार का हर योजना जनता की भलाई के लिए होता है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए उसकी जानकारी होनी चाहिए। इसलिए योजनाओं की जानकारी रखें और उसका लाभ लें। शिविर में कई तरह की समस्याओं का आवेदन प्राप्त हुआ।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, उनका हमेशा सम्मान जरूरी है : अमरेंद्र ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता


दंगवार मवि में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार मध्य विद्यालय दंगवार परिसर में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानध्यापक हरि राम ने की। संचालन शिक्षक विजय राम ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने सेवानिवृत्ति शिक्षक रमेश चंद्र शर्मा को अंग वस्त्र व अन्य सामग्री भेंट की।

मौके पर पंचायत के युवा मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने कहा शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होते है।वे हमेशा समाज को शिक्षा का दीप से रोशन करते रहते है।रमेश चंद्र जी ने शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया है। हमें पूरी आशा है सेवानिवृत्ति के उपरांत भी रमेशचंद्र अपने अनुभव से शिक्षा जगत को लाभान्वित करते रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप बीईओ रामनरेश राम, डीडीओ सुनील कुमार, सुमन कुमार, चंद्रमौलेश्वर ठाकुर, रमेश पूर्वे, पप्पू पटेल, सुदर्शन राम, प्रबंधन समिति अध्यक्ष लालबहादुर सिंह, समाजसेवी आजाद अंसारी, मनोज गुप्ता, अरबिंद गुप्ता, संतोष राम, हसन खलीफा, समेत स्कूल के कई विद्यार्थी मौजूद थे।

# पंडवा : लोहड़ा में लगा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



**खास बातें :** मुखिया सुमित्रा देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आमजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचने में सहुलियत हो रहा है। मुखिया सुमित्रा ने कहा की पंचायत के विकास के लिए संकल्पित हैं। इस दिशा में हमेशा प्रयास रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोहड़ा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाया जायेगा। शिविर में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, केसीसी लोन, हरा राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य विभाग आदि का स्टॉल लगाया गया। शिविर में 70 लोगों के बिच कंबल, 604 लोगों को धोती साड़ी का वितरण किया गया, ऑन स्पॉट 5 लोगों को पेंशन स्वीकृत की गई। पशुधन योजना के तहत ग्यारह लोगों का चयन किया गया। 17 किसान को पंजीयन ब्लॉकचेन के माध्यम से किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ मेहता,जेपीएस मनोज मिश्रा, प्रधान सहायक अनुप प्रसाद, संजीव कुमार, उपमुखिया योगेन्द्र महतो, वार्ड सदस्य अनुपमा मिश्रा, कविता देवी, श्रवण रजक, मंदीप राम, प्रमोद कुमार, ओमप्रकाश, चंदन मेहता, असगर अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

**पंडवा (पलामू)।** प्रखंड के लोहड़ा पंचायत सचिवालय में शनिवार को सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंडवा प्रखंड प्रमुख गीता मेहता, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, उप प्रमुख धर्मवीर सिंह, मुखिया सुमित्रा देवी, पंचायत समिति सदस्य ललीता देवी ने किया। कार्यक्रम का संचालन कृषि पदाधिकारी उपेंद्र कुमार ने किया। मौके पर प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि सरकार का यह कार्यक्रम आम आदमी के लिए लाभप्रद साबित हो रहा है।

बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि सरकार आपकी हर योजना को आपके गांव, आपके घर तक लाई है। जरूरत है इसका लाभ उठाने की जरूरतमंद सत प्रतिशत लोगों को वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन आदि का लाभ मिले इसके लिए सरकार कटिबद्ध है।

स्पीड न्यूज

## बारह नवंबर को प्रखंड कार्यालय घेरेगी भाजपा

**रातू।** भारतीय जनता पार्टी विकास योजनाओं में मची लूट और भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलित है। दोनों मंडल के भाजपाई 12 नवंबर को विधायक नवीन जायसवाल की अगुआई में दिन के 12 बजे प्रखंड कार्यालय का घेराव करेंगे। धरना-प्रदर्शन भी किया जायेगा। इस आशय का निर्णय पार्टी कार्यकर्ताओं की शनिवार को हुयी बैठक में लिया गया। यह जानकारी रूपेश महतो और देवेंद्र सिंह ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि जोर.शोर से इसकी तैयारी की जा रही है। इसे सफल बनाने को लेकर पार्टी जनों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये हैं। संचालन संजीव तिवारी ने किया। बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष इमरान खानए विधायक प्रतिनिधि जेम्स खलखो, सुधाकर चोबै, सुबोध साहू, रामानंद तिवारी, राजेश सिंह, संजीव एक्का, मुकेश भगत, अमित गोप व संजय राय आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## लापुंग के पोकटा में अखंड हरिकीर्तन का समापन

**लापुंग।** प्रखंड के पोकटा गांव में आयोजित दो दिवसीय अखंड हरिकीर्तन व यज्ञ का समापन किया गया। अखंड हरिकीर्तन सह समापन के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सीपीआईएम के राज्य कमेटी सदस्य सुभाष मुंडा और विशिष्ट अतिथि ज्ञानी उरांव शामिल हुए। जहां मौके पर बिरसा धानए जिला परिषद प्रतिनिधि व समाजसेवी सुखदेव उरांवए बुधराम उरांवए अजय मुंडाए आयोजन कर्ता अनिल साहूए विवेक कुमारए कीर्तन मंडली के सदस्य मांगना उरांव और उनके साथी गाण आदि मुख्य रुप से शामिल थे।

## देवोत्थान के अवसर पर बरौंदी गांव में मेला आज

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के बरौदी गांव में देवोत्थान के अवसर पर 6 नवंबर को लगने वाले ऐतिहासिक मेला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शनिवार को जतरा खूंटा में गांव के मकुंद पाहन ने विधिवत पूजा अर्चना किया। मेला में शनिवार से ही खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है। वहीं थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने शनिवार को मेला क्षेत्र का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि मेला को देखते हुए रविवार की सुबह से ठाकुरगांव-पिठोरिया मुख्य सड़क में बड़े वाहनों का परिचालन डायवर्ट किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मेला में अशांति फैलाने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा।

## नगड़ी के खूंटा गांव में मिला अजगर

**पिस्कानगड़ी।** थाना क्षेत्र के खूंटा गांव में एक विशाल अजगर मिला जिसे स्थानीय युवकों ने पकड़ रखा है। जिसे देखने के लिए ग्रामीणों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है गांव के युवाओं ने इसकी सुचना क्षेत्र के वन पाल प्रभारी को खबर कर दी गई हैं मौके पर अजगर को पकड़ने वालों में कामेश्वर पांडे एविकास आइंदएजायकिन तिर्कीए विनोद सोरों सहित कई युवा शामिल हैं

## फांसी लगा युवक ने की आत्महत्या

खलारी। डकरा ए टाइप कॉलोनी के क्वार्टर न 47 में रहने वाला एक 28 वर्षीय युवक ने शनिवार को फासी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार दोपहर एक बजे आस पास की है ।युवक का नाम रोहित कुमार है जो पिता मिथलेश कुमार का एकलौता पुत्र था है। मृतक एन के एरिया केडीएच परियोजना में पंप खलासी पद पर कार्यरत था। मृतक की कुछ ही दिनों पहले शादी हुई थीं। जिस समय यह घटना हुई है उस समय परिवार के सभी सदस्य घर में मौदूर थे।

## जामटोली पहाड़ पर भगवान भोलेनाथ का मनेगा 15वां वर्षगांठ

बेड़ो। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पहाड़ पर स्थित भगवान शिव मंदिर का 15वां वर्षगांठ उत्सव सह मेला का आयोजन आगामी सात नवंबर को किया गया।

# सरकार आपके द्वार: सिर्फ कंबल लेने पहुंचे वृद्ध व गरीब

## 160 रुपए में नोटरी पब्लिक फार्म खरीद कार्यक्रम में पहुंचे



ओरमांझी में कंबल लेने पहुंचे वृद्ध व गरीब लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग सुबह अपने घर का कार्य निपटारा कर अपने छोटे व नन्हे-मुंन्हे बच्चों को साथ लेकर योजना का लाभ लेने कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं। शनिवार को प्रखंड के चकला पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्कूली छात्रा नेहा कुमारी स्कूल अपनी मां को योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करने व अपने छोटे भाई को संभालने सीधे कार्यक्रम में पहुंची थी। उसके पास नोटरी पब्लिक का हस्ताक्षर व मोहर लगा बिना भरा फार्म था। उक्त एफिडिफिड फार्म को उसकी मां किसी दूकान से 160 रूपए में खरीदकर लाई थी। फार्म कैसे उपलब्ध हो रहा है। इस संबंध में बीडीओ विजय सोनी ने कहा इसकी जानकरी नोटरी पबिलक से ही हो सकती है। वहीं कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टाल लगे थे, लेकिन किस स्टाल में किस योजना का लाभ मिलेगा, इसकी जानकारी लोगों को नही हो पा रही थी। सबईया गांव से बकरी सेड व आधार कार्ड बनवाने पहुंची सुनिता देवी, मानामणी देवी व चंदा देवी सहित कई लोगों को योजना का लाभ लेने में परेषानियों का सामना हो रहा था। कई लोगों को फार्म उपलब्ध कराने व स्टॉल तक पहुंचाने में बीडीओ द्वारा मदद की गई। वहीं कई गरीब व वृद्ध कार्यक्रम में सिर्फ कंबल लेने पहुंचे थें। कार्यक्रम में उपस्थित उपप्रमुख रिजवान अंसारी व जिप सदस्य सरिता देवी सहित उपस्थित जन प्रतिनिधियों द्वारा जरूरमंदो के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में सीओ विजय केरकेट्टा व पंचायत के मुखिया व वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे।

## लाभुकों को मिला फूलो-झानो योजना का चेक, दर्जनभर का बना राशन कार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के हुरहुरी पंचायत में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ हरिशंकर बारिक ने ग्रामीणों को पीएम आवास, मनरेगा, राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, कन्यादान, सुकन्या, मातृत्व वंदना, पशुपालन, कृषि, निःशक्त स्वावलंबन, शिक्षा, पेयजल व स्वच्छता, विद्युत, सहकारिता, 15वें वित्त, बाल विकास, आदि योजनायों की जानकारी दी। उन्होंने शैक्षनिक जागरूकता पर जोर दिया। इस दौरान आवास, पेंशन व राशन कार्ड आदि के सैकड़ों मामले आये। इसमें अधिकांश का निपटारा किया गया। दर्जन भर लोगों के राशन कार्ड बनाये गये। वहीं बलकाही मुंडा व चरिया उरांव को फूलो.झानो योजना के तहत दस-दस हजार के चेक दिये गये। अध्यक्षता मुखिया कमल खलखो ने की। जबकि संचालन तैय्यब अंसारी ने किया। मौके पर उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, देवानंद पांडेय, विनय कुमार, डॉ विजय कुमार, डॉ प्रीति लता, मनोज कुमार, मोहन प्रजापति, मनीता कुमारी, रोजिद अंसारी, नुशरत जहां, महेश महतो, फिरदौश अंसारी, फिरोज आलम, कुमारी वर्षा, शिल्पा, संतोषी, मंजु कुमारी, दीपिका हेंब्रम, अनिता कुमारी, संतोष उरांव, मियांजान अंसारी, खलील अंसारी, तश्लिम अंसारी, हिना नाज, अल्बर्ट मिंज, अभिषेक कुमार, काली साहू, दीपक गुप्ता, अमित कुमार, अंजु देवी, जोशीला तिर्की, मुन्नी देवी, रीता देवी मौजूद थे।

# ग्रामीण क्षेत्र के थाने को मिले नये थानेदार

## रातू में अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता



**रातू।** सीनियर एसपी किशोर कौशल ने 1994 बैच के पुलिस निरीक्षक सपन महथा को रातू का नया थानेदार बनाया है। श्री महथा ने शनिवार की दोपहर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने तत्कालीन पुलिस निरीक्षक आभाष कुमार का स्थान लिया। इससे पहले वह लाइन में थे। बरियातू और जगरनाथपुर में थानेदार रह चुके हैं। योगदान के बाद श्री महथा ने थाने के कनीय पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के साथ बैठक की और परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण उनकी प्राथमिकता होगी। प्रबुद्ध नागरिकों व पंचायत प्रतिनिधियों को साथ लेकर चलेंगे। विश्वास व्यक्त किया कि इलाके के लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा। इधर क्षेत्र के लोगों ने उनसे मुलाकात की और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। इसमें राजकिला के मैंनेजर दामोदर नाथ मिश्रए उप प्रमुख रियाजुल अंसारी व अरशद अयुब आदि शामिल हैं।

## पिठोरिया थाना में विदाई सह स्वागत समारोह



पिठोरिया। पिठोरिया थाना में शनिवार को स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नए थाना प्रभारी अभय कुमार ने अपना योगदान दिया। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा रांची के जिला मंत्री सुरेश राम एवं समाजसेवियों ने अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। वही निवर्तमान थाना प्रभारी रविशंकर को भी अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ भेंट कर व माल्यार्पण देकर विदाई दी गई। मौके पर के के ओझा, सचित राणा, सुजीत केसरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सत्यप्रकाश रवि सिकिदिरी के नये थानेदार

सिकिदिरी। सिकिदिरी थाना के नए थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व थाना प्रभारी भगवान तामसोय ने उन्हे प्रभार सौंपा। प्रभार ग्रहण के बाद सत्यप्रकाश रवि ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने की होगी। उन्होने कहा की क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य लोगों से आपसी समन्वय बनाकर क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। भगवान तामसोय को रांची कॉलेज टीओपी का प्रभारी बनाया गया है।

## कृष्णा कुमार ठाकुरगांव के नये थाना प्रभारी

ठाकुरगांव। ठाकुरगांव थाना के नये थाना प्रभारी के रूप में पुनि कृष्णा कुमार ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय को एसएसपी ने पुलिस केंद्र में योगदान देने का आदेश दिया है। मौके पर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में थाना क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध कार्यों पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी। इस अवसर पर पुनि आशीष कुमारएजुगनू महथाएहेमंत कुमारएबसंत मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

# आईएचएम ने किया स्वच्छता अभियान पर नुक्कड़ नाटक



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग एवं वन विभाग के सौजन्य शनिवार को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट डायवर्सिटी पार्क, रांची में स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत टूरिस्ट अवेयरनेस फॉर स्वच्छता कार्यक्रम के जरिए स्वच्छता अभियान एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। टूरिस्ट अवेयरनेस फॉर स्वछता कार्यक्रम की शुरूवात बायो डायवर्सिटी पार्क के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई भी किया गया। इसके साथ ही अनुकृति नाट्य दल द्वारा प्रदूषण से पर्यावरण एवं प्रकृति नाराज विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसमें बताया गया कि किस प्रकार वन एवम जंगलों को काट कर विकास के जरिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा तथा किस प्रकार प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण के साथ साथ स्वच्छता को भी नुकसान पहुंच रहा। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए छोटे उपहार भी वितरित किए गया। साथ ही उपस्थित लोगों द्वारा स्वच्छता संकल्प लिया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वरीय व्याख्याता अनिंदिता भारद्वाजए व्याख्याता रवि कुमारए सहायक व्याख्याता निलेश रत्नोदयए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र और कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

## इटकी में 665 आवेदन का निष्पादन



इटकी। प्रखंड के रानीखटंगा मैदान में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 2059 आवेदन प्राप्त किये गये जिसमे से 665 आवेदन का तत्काल निष्पादन किया गया। जबकि 1394 आवेदन का निष्पादन की प्रक्रिया चल रही है। कार्यक्रम में विभागवार स्टॉल लगा कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। मौके पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को सीधे तौर पर मिले। लोगों को योजनाओं से जुड़ कर लाभ उठाने की जरूरत है। इससे पूर्व कार्यक्रम का उदघाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर जिप सदस्य रीना देवी, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ रश्मि लकड़ा, मुखिया राजन किस्पोट्टा सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## अनगड़ा में लाभुकों को मिला जॉब कार्ड



**अनगड़ा।** प्रखंड के हरातु पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला एवं पुरुष अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखे । कार्यक्रम में केसीसीए जाति प्रमाण ए आय प्रमाण पत्र ए प्रधान मंत्री आवास योजना एमुख्यमंत्री पशुधन ए मनरेगा योजना सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि ए विधवा विकलांग पेंशन योजना से संबंधित लगभग 1809आवेदन ग्रामीणों की ओर से दिए गए जिसमें 133 आवेदनों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। मौके पर प्रमुख दीपा उरांवए जिप सदस्यअनुराधा ए बीडीओ उत्तम ए सीओ पुष्पक रजक ए सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतोए विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र ए सीआई रवि ए पंस सदस्य बिनोद ए वार्ड सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियो सहित प्रखण्ड एव अंचल कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे ।

# बेड़ो: शिक्षकों ने काला बिल्ला लगा कर किया शिक्षण कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के बैनर तले लापुंग प्रखंड के मध्य एवं प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने लगातार दूसरे दिन काला फीता लगाकर सरकार की नीतियों का विरोध किया। इस दौरान अजप्टा के प्रदेश और जिला के साथ.साथ लापुंग प्रखंड कमिटि के बैनर तले अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन शुरू किया। सात से 12 नवंबर तक जनप्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन जाएगा।

## बेड़ो वनकर्मियों ने लकड़ी लदा वाहन पकड़ा

**बेड़ो।** बेड़ो वन विभाग कर्मियों द्वारा शुक्रवार के देर रात्रि लगभग दस बजे गुप्त सूचना के आधार पर बेड़ो के देवीमंडप के समीप सखुआ लकड़ी का ढढिया लदा एक पिकअप वैन को पकड़ा गया। इस वाहन में लगभग पचास हजार रुपए कीमत की लकड़ी को बरामद किया है ।उक्त गाड़ी लोहरदगा से रांची की ओर जा रही थी। अभियान में रेंजर संजय कुमार, प्रभारी बनपाल सह वनरक्षी आदि शामिल थे।

# स्कूली बच्चों ने दिया कराटे बेल्ट एग्जाम



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** विश्वा सेवा परिषद के तत्वाधान में शुक्रवार को बेड़ो के महादानी मैदान में एक दिवसीय कराटे बैल्ट एग्जाम का आयोजन किया गया ।कराटे बैल्ट एग्जाम में बेड़ो के कई स्कूल के बच्चे भाग लिए। जहां स्कुल के बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन कर कराटे बैल्ट परीक्षा में भाग लिया वही प्रमोशन के हिस्सेदार में शामिल हुए। कराटे बैल्ट एग्जाम में मुख्य अतिथि के रूप में डीपीएस स्कूल के डायरेक्टर दीपम बनर्जीए डीएवी विवेकानंद के डायरेक्टर कैलाश महतोए आदर्श विद्या मंदिर के डायरेक्टर अभिजीत महतोए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के टीचर राखी के देख रेख में संपूर्ण कार्यक्रम कराया गया। जहां एग्जाम में डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूलए स्वर्ण डीपीएस स्कूलए आदर्श विद्या मंदिरए विद्या निकेतनए संत लॉरेंस पब्लिक स्कूल चट्टीए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चों ने शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन वॉइस चेयरमैन ऑफ विश्व सेवा परिषद के राज कुपरए एग्जाम टेक्निकल डायरेक्टर ऑफ मिक्स मार्शल आर्ट एस के शाह व नकुल के द्वारा किया गया।

# चूरी में मना सतर्कता जागरूकता सप्ताह

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके डकरा क्षेत्र में शनिवार को सतर्कता जागरूकता के मद्देनजर सीआईएसएफ के द्वारा चूरी पश्चिमी पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में चूरी पश्चिमी की मुखिया प्रतिनिधि शांति देवीए सीआईएसएफ अधिकारी निरीक्षक के के घोष सहित अन्य बल सदस्य उपस्थित रहे ।ग्राम सभा मे क्षेत्र में लोगो के प्रति सतर्कता जागरूकता लाने पर विचार विमर्श किया गया। और सीआईएसएफ कमांडेंट मांगा की अध्यक्षता में सीआईएसएफ बल के सदस्यों व स्कूली बच्चों की उपस्थिति में सतर्कता जागरूकता रैली निकाली गईं। स्कूल के बच्चों तथा डकरा के लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया गया।



## कोल फील्ड मजदूर यूनियन मगध संघ मित्रा की बैठक

**खलारी।** शनिवार को कोल फील्ड मजदूर यूनियन मगध संघ मित्रा की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता एस एन सिंह व संचालन ध्वजा राम धोबी ने किया। बैठक में सीसीएल के कार्यकारी अध्यक्ष एवम एन के एरिया का सचिव विनय सिंह मनकी मौजूद थे। बैठक में कोल फील्ड मजदूर यूनियन मगध संघ मित्रा न्यू एरिया कमेटी 17 नवम्बर तक बनाने का निर्णय लिया गया।

# सोनाहातू: महिला समूह के बीच कृषि उपकरण का हुआ वितरण

**सोनाहातू।** प्रखंड के जेएसएलपीएस कार्यालय में शनिवार को जायका प्रोजेक्ट के तहत महिला समूह के बीच कृषि यंत्र का वितरण किया गया। जायका प्रोजेक्ट के तहत आठ पीजी महिला समूह के बीच 100 प्रतिषत अनुदान पर कृषि यंत्र उपकरण मशीन का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गांव स्तर में महिला आत्मनिर्भर बन रही है। उपकरण का उपयोग व्यवसाय के काम में भी लाएं।विधायक ने कहा कि कृषि उपकरण से गुणवत्ता भी बढेगी और आजीविका का साधन भी बनेगा।मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडाए डीपीएम डी डी सिंहए डीएम लाइवलीहुड के अभिषेक चाँदए टीएसओ चन्दन सावए मुखिया सावना महलीए श्याम महतोए बीपीएम अभिलाषा कुमारीए हिरालाल महतोए मक्सिमा कुजूरए ललित कुमार शिला देवीए अजित महतो, धनेश्वर अहीरएपीआरपी दीपक कुम्हारए बसन्ती देवीए पूनम देवीए शिव शंकर प्रामाणिक, मनोहर महली सहित महिला समूह के कई सदस्य उपस्थित थे।

# बिरसा मुंडा प्रतिमा के समक्ष आजसू का आमरण अनशन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू आजसू पार्टी के तत्वाधान पर बुंडू के धुर्वा मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा के आदम कद प्रतिमा स्थल पर 8 सूत्री मांग के समर्थन में शनिवार से आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा के नेतृत्व में आमरण अनशन शुरू कर की है। 8 सूत्री मांग में कांची नदी के बालू घाटों का नीलामी कर शीघ्र बालू का चालान निर्गत करने बुंडू अनुमंडल में सिविल कोर्ट जेल ट्रेजरी का निर्माण बुंडू को जिला बनाने बुंडू नगर पंचायत में टैक्स की बढ़ोतरी पर रोक लगाने अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू में चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त करने बुंडू से राहे रोड के जर्जर का निर्माण करने के अलावा अन्य मांगे शामिल है ।इस आमरण अनशन कार्यक्रम में आशु पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा एआजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा एबुंडू नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुनील कुमार जयसवाल एजिला परिषद के सदस्य परमेश्वरी शांडिलए आजसू के नेता रमेश मुंडाए पूर्व जिला परिषद के अध्यक्ष सुखराम मुंडा एजिला परिषद सदस्य तमाड़ मानकी विजय सिंहए मेहर सिंह मुंडा एहरिहर महतोए गोवर्धन मछुआए धनु नागए जगदीश गुप्ताए मोहम्मद सिराज एसुख सारण महतो एअजय सिंहए अभिषेक गोराईए शिव नाथ तिवारीए आशुतोष महतो एसचिन कुमारए संतोष महतोए आदि अनशन में है ।सभी अनशन कारियों का मेडिकल चेकअप अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा किया गया।



## आदित्य प्रकाश जालान स्कूल में सलाद बनाओ प्रतियोगिता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को विद्यालय सभागार में सलाद बनाओ प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से दशम तक के भैया बहनों ने उत्साह पूर्वक भाग लिए। भैया बहनों ने बहुत प्रकार के सब्जी एवं फलों का उपयोग करके सुंदर सुंदर सलाद की थाली प्रस्तुत किए। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सलाद के संबंध में जानकारी दी।

## नगड़ी सीओ ने किया वार्ड क्षेत्र का निरीक्षण

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने नगड़ी अंचल क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले वार्ड क्षेत्र का निरीक्षण किया मौके पर नगड़ी अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि आगमी नगर निगम के चुनाव की तैयारी को लेकर नगड़ी क्षेत्र में आने वाले कुल 34 बुथ केन्द्र का निरीक्षण किया गया सभी केन्द्रों के साफ सफाई, सुरक्षा के साथ साथ बूथ केन्द्रों की स्थिति पर दर्जनों विधालय के प्रधानाध्यापक भेंट कर जानकारी ली साथ बुथ का स्थिति पर सभी प्रधानाध्यापक से रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। मौके पर राजस्व कर्मी अरविंद उपाध्याय, अंचल अमीन मोजीद आलम सहित कई लोग शामिल थे।

## जंगली हाथियों के उत्पात से परेशान ग्रामीणों ने की सड़क जाम



**सोनाहातू।** जंगली हाथियों के उत्पात से परेशान ग्रामीणो ने शनिवार सुबह जाड़ेया मोड़ के समीप सिल्ली. टीकर. रंगामाटी सड़क को जाम किया। काफी संख्या में महिलायें सड़क और उतर कर बांसएबल्ली लगा कर सड़क को अवरुद्ध किया। सड़क को बिल्कुल बन्द कर दिया गया है। सड़क जाम होने से आवागमन बिलकुल ही ठप हो गया है। वाहनों का लंबी कतार लग गया है। तेतलाए बारेंदाएदुलमीएजिलिंगसेरेगए हेसाडीहए पंडाडीह पंचायत में लगातार जंगली हाथी द्वारा फसल बर्बाद किया जा रहा हैए लेकिन विभाग के लोग किसी प्रकार की कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं स आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम किया है ।पांच घंटे बाद सड़क जाम हटा वन विभाग के राजू कुमार थाना प्रभारी मुकेश हेंब्रम के साथ वार्ता के बाद जाम हटा। वन विभाग ने आश्वस्त किया कि हाथों से हाथियों को भगाया जाएगा और किसानों को उचित क्षतिपूर्ति राशि भी दिया जाएगा।

## बेड़ो-लोहरदगा रोड में डिजिटल मंडी फसल टोकरी का शुभारंभ

**बेड़ो।** बेड़ो लोहरदगा मार्ग में शनिवार को डिजिटल मंडी फसल टोकरी का विधिवत पूजा अर्चना कर भव्य शुभारंभ किया गया। मौके पर मैनेजर विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि मंडी का नाम फसल टोकरी डॉट कॉम है ।यहां से किसानों को फसल उपजाने के लिए खाद बीज आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा। फसलों के सिंचाई बीमारी आदि से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों द्वारा उपजाए गए फसलों को अच्छी मूल्य पर खरीद की जाएगी। अभी वर्तमान में सुखी फसल धान मडुआ सरसो फसलों का खरीद किया जाएगा।

